FOUNDATION EXAM
PAPER - 2
BUSINESS LAWS



20 JAN 2026

**Roll No. ....................................................**

**Total No. of Questions : 6**

**Total No. of Printed Pages : 20**

**Time allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 100**

**SCW(H)**

Answer to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate who has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

Question No. **1** is compulsory.

Answer any **four** questions from the remaining **five** questions.

Working notes should form part of the answers.

Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators or having/using mobile phone or smart watch or any other electronic gadget will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

**Marks**

1. (a) Bright Scholars is a prestigious school in Delhi. The school invited online applications from eligible students for 100 seats of preschool classes. The school indicated in the application form that the list of provisionally selected students would be displayed on the school notice board and website on 15th April, 2025. Those students, who will pay the admission fees online and physically, submit all the documents prescribed in the application by 18th April, 2025 will be confirmed. Vishal's son Aakash was provisionally selected Vishal paid the fees online on **7**

Marks

16th April, 2025 but, failed to submit the prescribed documents by 18th April, 2025. On 19th April, 2025 Aakash's admission was cancelled on account of non-submission of documents without informing Vishal and all the fees paid by him was refunded to his account by Management of school.

Vishal contended that he was not informed about cancellation of admission. As he already paid the fees before time, Aakash admission could not be cancelled by school management. On the other hand, he could not submit the documents as he was out of town from 16th April 2025 to 20th April, 2025.

Analyse with reference to the provisions of the Indian Contract Act, 1872, whether the school's action to cancel the admission of Aakash without communication was valid? 7

(b) Prasad incorporated an OPC to run his new start-up in May, 2021. OPC borrowed ₹ 50 Lakhs to meet its long term fund requirements and ₹ 25 lakh to meet its working capital requirements on the basis of his project from a non-banking finance company (NBFC) in Oct, 2021. But due to some running hardships and new govt. policies OPC was failed to pay its debts to NBFC. Assets of the company were insufficient to pay the outstanding debts. According to the provisions of The Companies Act, 2013, Decide whether Prasad would be liable to pay the outstanding debts of NBFC in the following circumstances:-

(i) If the NBFC proceeded against the personal assets of Prasad only on the ground that he is the only shareholder and hence liable for its debts.

(ii) If the NBFC proves that the One Person Company was formed for fraud and cheating.

(c) Explain with reference to provisions of the Indian Partnership Act, 1932.

(i) Whether a partner can be introduced without consent of other partners? If yes describe the procedure. If no in what manner a partner can transfer his share in partnership? 2

(ii) Describe the rights of transferee:-

(1) During the continuance of partnership.

(2) On the dissolution of the firm. 4

2. (a) With reference to the provisions of the Sale of Goods Act, 1930 what is the major difference between condition and warranty? Examine the following cases and comment whether it is a Breach of 'Condition' or 'Breach of Warranty' by quoting the relevant provisions of the Sale of Goods Act, 1930:

(i) Ashutosh purchased a second hand laptop from Sudhir for ₹ 10,000/-. After a month, Ashutosh came to know that Sudhir was not the true owner of the laptop. Actually Mahindra (a friend of Sudhir) was the true owner of the laptop, who unknowingly left his laptop at the Sudhir's residence. As a result Ashutosh's position became awkward. What would be course of action available to Ashutosh in this regard? 2

(ii) Anita ordered to purchase an Italian couch from a prominent e-commerce platform. When the order was delivered, it was found that the couch was not Italian as narrated on the e-commerce platform. What would be course of action available to Anita in this regard? 2

**Marks**

(iii) Rishabh purchased a car costing ₹ 7 lakh by availing bank loan which is hypothecated in favour of the bank. Due to some medical emergency, Rishabh took another loan of ₹ 5 Lakhs from his friend Sandeep on the basis of security of his car. When the fact of bank loan came to knowledge of Sandeep, Rishabh denied paying the loan amount to Sandeep. What would be course of action available to Sandeep in this regard? 3

(b) (i) What do you mean by 'Common Seal'? Is it necessary for a company to have Common Seal? Discuss as per provisions of the Companies Act, 2013. 3

(ii) Whether the phrases "Company Limited by Shares" and "Company Limited by Guarantee" are same? If not, explain any four differences between these two according to provisions of the Companies Act, 2013. 4

(c) (i) According to provisions of the Limited Liability Partnership Act, 2008, State the provisions with respect to registered office of LLP and changes therein. What would be consequences if these provisions are contravened? 4

(ii) Discuss the provisions of the Limited Liability Partnership Act, 2008 relating to the minimum number of partners required and the eligibility criteria for becoming a partner in a Limited Liability Partnership. 2

3. (a) (i) Ramesh is a supplier of fruits and vegetables in Azadpur Mandi, Delhi. To expand its business, he invited Suresh and Mahesh (his college friends) to invest in his business. Suresh and Mahesh were agreed but they put a condition that they will share profit in the ratio of 33.33% each or Interest @ 12% p.a. on the capital (which they will bring) whichever is higher but they will not share losses if occurred in any year. Ramesh agreed for this association and made an agreement for partnership. Advise, whether this association will be treated as partnership according to the provisions of the Indian Partnership Act, 1932? 3

**Marks**

(ii) Manak was working as a construction contractor from several years. He engaged Roop Sing a labour and material contractor for procurement of raw material and labour for construction site. All the expenses pertaining to raw material, Labour wages will be borne by Manak. Manak agreed to give Roop Singh 5% of the contract amount for procurement. Whether this arrangement will be termed as partnership? Explain according to provisions of the Indian Partnership Act, 1932? 2

(iii) Shantanu was running business of ABC Travel Agency from several years. He purchased 10 cars amounting to ₹ 100 lakh for the purpose of running them on hire. He borrowed ₹ 50 lakhs for this purpose from Shankar. Shankar proposed that he will take 25% of profit share. He has nothing to do with business. Shantanu agreed for this proposal. After some time, Shankar told his friends that he is partner in ABC Travel Agency. Shantanu denied the fact. He contended that he is sharing in profit only, not a partner in his travel agency. Advice with reference to the provisions of the Indian Partnership Act, 1932 whether this arrangement between the Shantanu and Shankar will be treated as partnership? 2

(b) (i) Stuti Textiles Private Ltd is a wholly owned subsidiary of SS Textiles Limited. It has only 5 members and restricts the right to transfer their shares to any person other than person who is in employment of the company. Some Members opposed the decision of the company as they want to invite a group of people to subscribe shares in Stuti Textile private Ltd. Decide with reference to provisions of Companies Act, 2013, whether restriction of company to transfer share is correct? 3

**Marks**

(ii) The paid-up capital and turnover of Aaradhya Cosmetics Private Ltd. (ACPL) for FY 2024-25 is ₹ 4 crores and ₹ 45 crores respectively. Directors of ACPL decided not to follow some provisions as it is a small company according to section 2(85) of the Companies Act, 2013. Company secretary of Pooja Fashions Private Limited (PFPL) contended that ACPL is not a small company as ACPL is a holding company of (PFPL).Decide whether ACPL Cosmetics Ltd. can avail status of small company according to provisions of the Companies Act, 2013. **2**

(iii) The paid-up share capital of Abhinav Natural Gases Ltd. (ANGL) is ₹ 140 crores. The holdings of Central Government and Maharashtra Government are ₹ 40.10 crores and ₹ 30.20 crores respectively. In one tender relating to natural gas, directors of ANGL quoted it as Government Company. Decide According to provisions of the Companies Act, 2013 whether ANGL can be tagged as Government Company? **2**

(c) The Passing or transfer of property constitutes most important element and factor to decide legal rights and liabilities of seller and buyer. The primary rule determining the passing of property from seller to buyer depends on following. Explain after quoting relevant provisions of the Sale of Goods Act, 1930.

(i) Where the goods are ascertained

(ii) Where the goods are unascertained **6**

**Marks**

4. (a) (i) Bhuvika borrowed ₹ 4,75,000/- from her relative Madan on 5th April 2020 on interest @ 1% per month for 5 year for running her Cosmetics store. She was paying continuously instalment and interest every month. But due to sudden introduction of nature care products her products became obsolete. As a result, she was unable to pay monthly instalment and interest from May 2021 onwards. The debt got time barred by limitation Act. However, on account of continuous persuasions of her relatives, Bhuvika promised in writing to pay the outstanding amount shortly within a few months. Whether Madan can legally recover the debts from Bhuvika when the loan has already been time barred? Explain with reference to provisions of The Indian Contract Act, 1872. **2**

(ii) Chhaya and Abeer are very good friends. On Chhaya's birthday Abeer gifted an I-Phone worth ₹ 1.35 lakh. Whether this gift is valid as per provisions of the Indian Contract Act, 1872? **2**

(iii) Amol promised to give a gold ring worth ₹ 1 lakh to her friend Chakori on her birthday. Whether the promise made by Amol is enforceable in law as per the provisions of the Indian Contract Act, 1872?

What would be your answer if the relation between Amol and Chakori is of Husband & Wife? **3**

(b) What is promissory note? "What are the essential elements that must be present for a document to be considered a valid promissory note?" Define according to provisions of the Negotiable Instrument Act, 1881. **7**

(c) Describe in brief about the following Regulatory bodies of the Government of India:-

(i) Reserve Bank of India

(ii) Insolvency and Bankruptcy Board of India **6**

**Marks**

5. (a) Raj is a manufacturer of talcum powder. Vikas purchased a talcum powder from Raj and after using it, he suffered from skin irritation due to a chemical residue available in talcum powder. Vikas plead that Raj is responsible for his suffering. Raj denied his liability on the basis that he was in no way responsible for the bad selection of the buyer (caveat emptor). Examine under the provisions of the Sale of Goods Act, 1930.

(i) Whether Raj would be held responsible?

(ii) Whether your answer would be different if Raj is only a trader of the talcum powder of a popular brand sold in a sealed container if it is a sale by description? **7**

(b) (i) Describe any four mutual rights and liabilities of partners in a partnership firm with reference to the provisions of the Indian Partnership Act, 1932. **4**

(ii) Describe any three grounds on which the Court may dissolve a partnership firm with reference to the provisions of the Indian Partnership Act, 1932. **3**

(c) A surety is said to be discharged when his liability comes to an end. Define various modes of Discharge of surety according to provisions of The Indian Contract Act, 1872.

(i) By revocation of the contract of guarantee (any two situations)

(ii) By the conduct of creditor (any two situation)

(iii) By the invalidation of the contract of guarantee (any two situations) **6**

**Marks**

6. (a) Alok bought some goods from Manish on credit. Later, he issued a cheque for the dues from his bank account and asked Manish to encash the cheque within two days. On the day Alok issued the cheque, there was a sufficient balance to pay Manish's dues. Manish presented the cheque after one month, which was returned due to insufficient funds. Manish made a demand for the payment, but Alok failed to pay. Manish send him notice to pay the outstanding debts. Alok ignored the notice. Manish filed a case for dishonour of the cheque. Alok defended himself on the grounds that Manish failed to encash the cheque within two days as specified by him and that he had no reason to believe at the time of issuance of the cheque that it might be dishonoured. Analyse –

(i) Whether Alok's defences are valid under the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881.

(ii) Whether Manish can file a suit against Alok for dishonour of cheque and within how many days he can file the complaint after dishonour under the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881? 7

(b) Some agreements are held to be opposed to public policy. Define any six agreements with reference to provisions of the Indian Contract Act, 1872. 6

OR

(b) Some objects and consideration are unlawful. Define any six with reference to provisions of the Indian Contract Act, 1872. 6

(c) (i) What do you mean by suit for specific performance? State any two conditions when court allows this remedy according to provisions of the Sale of Goods Act, 1930? 3

(ii) What do you mean by right of resale? State any three conditions when the right of resale goods given to an unpaid sellers under the Sale of Goods Act, 1930. 4

## SCW(H)

**Marks**

**(Hindi Version)**

**उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं। वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा।**

**प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।**

**शेष पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर के भाग होनी चाहिए।**

**अंक**

1. (a) ब्राइट स्कोलर्स दिल्ली में एक ख्याति प्राप्त विद्यालय है। विद्यालय के द्वारा पूर्व कक्षाओं की 100 सीटों के लिए योग्य विध्यार्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए। विद्यालय ने आवेदन पत्र में निर्देशित किया कि अस्थायी रूप से चयनित विद्यार्थियों की सूची 15 अप्रेल 2025 को स्कूल के सूचनापट्ट और वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दी जाएगी। जो विद्यार्थी 18 अप्रेल 2025 तक प्रवेश शुल्क जमा कर देगें और आवेदन पत्र में निर्धारित सभी दस्तावेज भौतिक रूप से प्रस्तुत कर देगें उनका आवेदन अनुमोदित कर दिया जाएगा। विशाल का बेटा आकाश अस्थायी रूप से चयनित हुआ। विशाल के द्वारा 16 अप्रेल 2025 का ऑनलाईन से शुल्क का भुगतान कर दिया गया लेकिन 18 अप्रेल 2025 तक वह निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। 19 अप्रेल 2025 को विशाल द्वारा अपने पुत्र आकाश के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण उसको सूचना दिए बिना आकाश का प्रवेश निरस्त कर दिया गया और विद्यालय के द्वारा उसके द्वारा चुकता किए गए सभी शुल्क उसके खाते में लौटा दिए गए। विशाल नें प्रतिवाद दिया कि प्रवेश निरस्तीकरण की सूचना उसे नहीं

दी गई। उसने समय से पूर्व ही आकाश का प्रवेश शुल्क जमा करा दिया था जिसके कारण से विद्यालय प्रबन्धन आकाश का प्रवेश निरस्त नहीं कर सकते। दूसरी तरफ 16 अप्रेल 2025 से 20 अप्रेल 2025 तक कस्बे से बाहर होने के कारण वह दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

भारतीय संविदा अधिनियम 1872 के संदर्भित प्रावधानों के अनुसार बताइए कि क्या बिना सूचना दिए विद्यालय प्रबन्धन द्वारा आकाश का प्रवेश निरस्त करना न्यायोचित है? 7

(b) प्रसाद द्वारा मई 2021 में अपने नवीन स्टार्ट-अप को शुरु करने के लिए एक व्यक्ति कम्पनी निगमित की गई। एक व्यक्ति कम्पनी द्वारा अक्तूबर 2021 में अपनी एक परियोजना के आधार पर ₹ 50 लाख दीर्घकालीन कोषों की आवश्यकता पूर्ति के लिए और ₹ 25 लाखे कार्यशील पूँजी की आवश्यकता पूर्ति के लिए गैरवित्तीय बैंकिग कम्पनी (एनबीएफसी) से उधार लिए। लेकिन कुछ चलन कठिनाईयों और सरकार की नई नीतियों के कारण एकव्यक्ति कम्पनी एनबीएफसी को देय के भुगतान करने में असफल रही। कम्पनी की सम्पतियां इस ऋण के भुगतान करने के लिए अपर्याप्त है। कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार निर्णित कीजिए कि क्या निम्न परिस्थितियों में प्रसाद एनबीएफसी के बकाया ऋण के भुगतान के लिए उत्तरदायी है?

(i) यदि एनबीएफसी प्रसाद की व्यक्तिगत सम्पत्तियों के विरुद्ध इस आधार पर अग्रसर होती है कि वह अकेला ही अंशधारी है और इसलिए वह उसके ऋण के भुगतान के लिए उत्तरदायी है।

(ii) यदि एनबीएफसी यह सिद्ध करता है कि एक व्यक्ति कम्पनी का निर्माण धोखा-घड़ी और छल के लिए किया गया है। 7

 **Marks**

(c) भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 के संदर्भित प्रावधानों के अनुसार स्पष्ट कीजिए कि –

(i) क्या एक भागीदार को दूसरे भागीदारों की सहमति के बिना प्रवेश दिया जा सकता है? यदि हाँ तो प्रक्रिया का वर्णन कीजिए यदि नहीं तो किस तरीके से एक भागीदार भागीदारी में अपने हित का हस्तान्तरण कर सकता है? 2

(ii) भागीदार के हित-हस्तान्तरण के अधिकारों का वर्णन कीजिए।

(1) भागीदारी की निरंतरता के दौरान

(2) फर्म के विघटन पर 4

2. (a) वस्तु विक्रय अधिनियम 1930 के संदर्भित प्रावधानों के अनुसार शर्त और आश्वासन (वारंटी) में क्या मुख्य अन्तर है? वस्तु विक्रय अधिनियम 1930 के प्रावधानों को उद्धत करते हुए परीक्षण कीजिए कि निम्न प्रकरण शर्तों का उल्लंघन है या आश्वासन का (वारंटी)।

(i) आशुतोष ने ₹ 10,000 में सुधीर का पुराना लैपटॉप क्रय किया। एक माह बाद आशुतोष की जानकारी में आया कि सुधीर लैपटॉप का वास्तविक स्वामी नहीं है। वास्तव में महिन्द्रा (जो कि सुधीर का दोस्त है) लैपटॉप का वास्तविक स्वामी है जिससे कि अनजाने में सुधीर के निवास पर लैपटॉप छूट गया था। इसके परिणामस्वरूप आशुतोष की स्थिति कष्टकर हो गई। इस संदर्भ में आशुतोष को क्या कार्यवाही करने का विचार उपलब्ध है? 2

(ii) अनिता ने एक प्रतिष्ठित ई-वाणिज्य प्लेटफॉर्म पर एक ईटालियन कुर्सी (काउच) का क्रय आदेश दिया? जब आदेश की सुपुर्दगी दी गई तब यह पाया कि काउच इटालियन नहीं थी। जैसा कि ई-वाणिज्य प्लेटफार्म पर उल्लेखित किया गया था। इस सम्बन्ध में अनिता को क्या कार्यवाही करने का विचार उपलब्ध है? 2

(iii) ऋषभ ने ₹ 7 लाख की एक कार बैंक से ऋण लेकर खरीदी जो कि बैंक के पक्ष में बन्धक है। कुछ चिकित्सीय आपात स्थिति के कारण उसने उसी कार की जमानत के आधार पर संदीप से ₹ 5 लाख का ऋण ले लिया। जब संदीप की जानकारी में बैंक ऋण का तथ्य आया, ऋषभ ने संदीप को ऋण का भुगतान करने से इनकार कर दिया। संदीप को इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का विचार उपलब्ध है? 3

(b) (i) समान मुहर से आपका क्या अभिप्राय है? क्या एक कम्पनी को समान मुहर रखना आवश्यक है? कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार वर्णन कीजिए। 3

(ii) पदबंध आधार पर क्या शेयरों द्वारा सीमित कम्पनी और गारंटी द्वारा सीमित कम्पनी समान हैं? यदि नहीं तो इन दोनों में कोई चार विभेद कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार स्पष्ट कीजिए। 4

(c) (i) सीमित देयता भागीदारी अधिनियम 2008 के प्रावधानों के अनुसार सीमित देयता भागीदारी के पंजीकृत कार्यालय और उसके परिवर्तनों के प्रावधानों का उल्लेख कीजिए। यदि इन प्रावधानों का उल्लघंन होता है तो इसके क्या परिणाम होंगे? 4

(ii) सीमित देयता भागीदारी अधिनियम 2008 के प्रावधानों के सम्बन्ध में सीमित देयता भागीदारी में आवश्यक न्यूनतम भागीदारों की संख्या और भागीदार बनने के लिए आवश्यक मापदण्डों का वर्णन कीजिए। 2

**Marks**

3. (a) (i) आजादपुर मण्डी देहली में रमेश फलों और सब्जियों का आपुर्तिकर्ता है। अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए, उसने सुरेश और महेश (अपने महाविद्यालय के दोस्तों को) अपने व्यवसाय में विनियोग करने के लिए आमंत्रित किया। सुरेश और महेश सहमत हो गए लेकिन उन्होंने एक शर्त रखी कि उनमें से प्रत्येक 33.33 प्रतिशत के आधार पर लाभों में भागीदार होंगे या अपने द्वारा लाई गई पूँजी पर 12% वार्षिक ब्याज दोनों में जो भी उच्चतम हो देय होगा। लेकिन किसी वर्ष में हानि होती है तो वे इसमें भागीदार नहीं होंगे। रमेश इस संघ के लिए सहमत हो गया और भागीदारी का अनुबन्ध हो गया। भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 के प्रावधानों के अनुसार सलाह दीजिए कि क्या इस संघ को भागीदारी माना जायेगा? **3**

(ii) मानक अनेक वर्षों से निर्माण के ठेकेदार के रूप में कार्य कर रहा है, उसने रूपसिंह जोकि श्रमिक और माल की आपूर्तिकर्ता का ठेकादार है, उसको निर्माण स्थल पर सामग्री और श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य दिया। कच्चे माल, श्रमिक मजदूरी से सम्बन्धित सभी खर्चे मानक द्वारा वहन किए जाते हैं। मानक रूपसिंह को आपूर्ति अनुबन्धित राशि का 5% देने के लिए सहमत हो गया। क्या यह व्यवस्था भागीदारी कहलायेगी? भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के प्रावधानों के अनुसार व्याख्या कीजिए। **2**

(iii) शान्तनु अनेक वर्षों से एबीसी ट्रेवलर एजेन्सी का व्यापार संचालित कर रहा है। उसने ₹ 100 लाख की लागत से भाडे पर चलाने के उद्देश्य से 10 कार खरीदी। उसने इस उद्देश्य हेतु ₹ 50 लाख की राशि शंकर से उधार ली। शंकर ने प्रस्ताव किया कि वह लाभों में 25% का भागीदार होगा। उसका व्यवसाय से कोई लेनादेना नहीं है। शान्तनु इस प्रस्ताव के लिए सहमत हो गया। कुछ समय बाद शंकर ने अपने दोस्त से कहा कि वह एबीसी ट्रेवलर एजेन्सी में भागीदार है। शान्तनु ने इस तथ्य से इन्कार किया। उसने प्रतिवाद किया की वह केवल लाभों में भागीदार है, उसकी ट्रेवलर एजेन्सी में भागीदार नहीं है। भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 के अनुसार सलाह दीजिए कि क्या शांतनु और शंकर के बीच की यह व्यवस्था साझेदारी कहलायेगी? **2**

(b) (i) स्तुति टैक्सटाईल प्राईवेट लिमिटेड एस एस टैक्सटाईल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कम्पनी है। इसमें केवल 5 सदस्य हैं और यह कम्पनी कर्मचारियों के अलावा अन्य व्यक्तियों को अंशों के हस्तान्तरण पर प्रतिबन्ध लगाती है। कुछ सदस्यों द्वारा कम्पनी के इस निर्णय का विरोध किया गया क्योंकि वो व्यक्तियों के एक समूह को स्तुति टैक्सईल्स में सदस्य बनने के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं। कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार निर्णित कीजिए कि क्या कम्पनी द्वारा अंशों के हस्तान्तरण पर प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है? 3

(ii) आराध्य कॉस्मेटिक्स प्राईवेट लिमिटेड (एसीपीएल) का वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए क्रमशः चुकता पूँजी ₹ 4 करोड़ और कारोबार ₹ 45 करोड़ है। एसीपीएल के निदेशकों द्वारा कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने का निर्णय किया गया क्योंकि यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 2 (85) के अनुसार एक छोटी कम्पनी है। पूजा फैशन प्राईवेट लिमिटेड (पीएफपीएल) की कम्पनी सचिव ने प्रतिवाद किया कि एसीपीएल एक छोटी कम्पनी नहीं है क्योंकि यह पीएफपीएल की सूत्रधारी कम्पनी है। भारतीय कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार निर्णित कीजिए कि क्या एसीपीएल को एक छोटी कम्पनी का स्तर दिया जा सकता है? 2

Marks

(iii) अभिनव नेचुरल गैस लिमिटेड (एनजीएल) की चुकता अंशपूँजी ₹ 140 करोड़ है। केन्द्रीय सरकार और महाराष्ट्र सरकार की इसमें क्रमशः ₹ 40.10 करोड़ और ₹ 30.20 करोड़ की भागीदारी हैं। एक प्राकृतिक गैस की निविदा के सम्बन्ध में एएनजीएल के निर्देशकों ने इसे सरकारी कम्पनी के रूप में उद्धत करने का निर्णय लिया। भारतीय कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार निर्णित कीजिए कि क्या एएनजीएल को सरकारी कम्पनी का लेबल दिया जा सकता है? 2

(c) विक्रेताओं और क्रेताओं के कानूनी अधिकारों और देनदारियों को तय करने के लिए संपत्ति का हस्तान्तरण सबसे महत्वपूर्ण अंश अथवा कारक है। विक्रेता से क्रेता को स्वामित्व का हस्तान्तरण निम्न बुनियादी नियम पर निर्भर करता है। वस्तु विक्रय अधिनियम 1930 के संदर्भित प्रावधानों को उद्धत करते हुए निम्न को स्पष्ट कीजिए।

(i) जब माल निर्धारित हो।

(ii) जब माल अनिर्धारित हो। 6

4. (a) (i) भूविका ने अपने एक रिस्तेदार मदन से अपने कॉस्मेटिक्स स्टोर को चलाने हेतु 5 अप्रेल 2020 में 5 वर्ष की अवधि के लिए एक प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज पर ₹ 4,75,000/- उधार लिए। वह अनवरत रूप से किस्तों और प्रतिमाह ब्याज का भुगतान कर रही थी। लेकिन बाजार में प्राकृतिक देखभाल उत्पाद प्रवेशित होने के कारण उसका उत्पाद चलन से बाहर हो गया। इसके परिणामस्वरूप वह मई 2021 से अपनी मासिक किस्तों और ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ रही। परिसीमा अधिनियम के अनुसार कर्ज समय बाधित हो गया फिर भी अपने रिस्तदारों के निरन्तर प्रत्यायन से भूविका ने लिखित में कुछ ही माह में अदत्त देय के भुगतान का वायदा किया। क्या मदन भूविका से वैधानिक रूप से ऋण की राशि वसूल कर सकता है जबकि ऋण पहले से ही समय बाधित हो चुका है? भारतीय संविदा अधिनियम 1872 के संदर्भित प्रावधानों क अनुसार स्पष्ट कीजिए। 2

Marks

(ii) छाया और अबीर एक अच्छे दोस्त हैं। छाया के जन्मदिन पर अबीर ने उसे ₹ 1.35 लाख का आईफोन उपहार में दिया। भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के प्रावधानों के अनुसार क्या दिया गया उपहार कानूनी रूप से वैध है? 2

(iii) अमोल ने अपनी दोस्त चकोरी को उसके जन्मदिन पर ₹ 1 लाख की सोने की अंगूठी देने का वचन दिया। क्या अमोल द्वारा दिए गए वचन को भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के दिए गए प्रावधानों के अनुसार प्रवर्तित किया जा सकता है।

आपका उत्तर क्या होगा यदि अमोल और चकोरी के मध्य पति और पत्नी का सम्बन्ध है? 3

(b) वचन पत्र क्या है? एक दस्तावेज को वैधानिक वचन पत्र बनाने हेतु उसमें कौन से अनिवार्य तत्व उपस्थित होने चाहिए? पराक्रम्य लिखित अधिनियम 1881, के अनुसार व्याख्या करें। 7

(c) भारत सरकार की निम्न नियामक निकायो का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

(i) भारतीय रिजर्व बैंक

(ii) भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड 6

5. (a) राज एक टैलकम पाऊडर का एक निर्माणकर्ता है। विकास ने राज से टैलकाम पाउडर क्रय किया और इसके प्रयोग के बाद वह त्वचा से इसलिए पीडित हो गया कि टैलकम पाऊडर में रासायनिक अवशेष उपलब्ध थे। विकास ने कहा कि उसके पीडित होने के लिए राज उत्तरदायी है। राज ने इस आधार पर अपने उत्तरदायित्व से इन्कार किया कि वह क्रेता द्वारा गलत माल के चयन के लिए उत्तरदायी नहीं है। (क्रेता सावधानी का सिद्धान्त) वस्तु विक्रय अधिनियम 1930 के अनुसार परीक्षण कीजिए कि–

(i) क्या राज को उत्तरदायी ठहराया जा सकता है?

(ii) क्या आपका उत्तर कि न होगा यदि राज केवल बन्द कन्टेनर में विवरण द्वारा बिक्री से प्रसिद्ध टैलकोम पाऊडर बेचने का व्यापारी है? 7

**Marks**

(b) (i) भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के प्रावधानों के अनुसार एक भागीदारी फर्म में भागीदारों के कोई चार पारस्परिक अधिकारों और दायित्वों का वर्णन कीजिए। 4

(ii) भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के संदर्भित प्रावधानों के अनुसार कोई भी तीन ऐसे आधारों का वर्णन कीजिए जिसमें न्यायलय फर्म का विघटन कर सकता है? 3

(c) जमानत के रूप में उसकी देनदारी समाप्त होने पर एक जमानत का निर्वहन किया जाता है। जमानत के निर्वहन के निम्न तरीकों को भारतीय संविदा अधिनियम 1872 के अनुसार व्याख्या कीजिए।

(i) गारंटी के अनुबंध में निरसन (कोई दो उदाहरण)

(ii) लेनदारों के आचरण से (कोई दो उदाहरण)

(iii) गारण्टी के अनुबंध के अमान्य होने पर (कोई दो उदाहरण) 6

6. (a) आलोक ने मनीष से उधार पर कुछ माल खरीदा। उसने देय की अदायगी के लिए अपने बैंक खाते से एक चैक निर्गमित किया और कहा कि दो दिवस की अवधि में इस चैक को भुनाले। जिस दिन आलोक ने चैक निर्गमित किया, उस दिन की देयराशि के भुगतान के लिए पर्याप्त कोष था। मनीष ने एक माह बाद चैक प्रस्तुत किया, जिसको अपर्याप्त कोष होने के कारण लौटा दिया गया। मनीष ने भुगतान की मांग की लेकिन आलोक भुगतान करने में असफल रहा। मनीष ने देयराशि के भुगतान के लिए नोटिस भेजा। आलोक ने नोटिस को नजरअन्दाज कर दिया। मनीष ने चैक के अप्रतिष्ठित होने का वाद प्रस्तुत किया। आलोक ने अपने बचाव में इस आधार पर तर्क दिया के उसके द्वारा उल्लेख करने पर भी मनीष चैक का भुनाने में असफल रहा। उसके पास चैक निर्गमित करते समय इस बात की विश्वास करने का कोई कारण नहीं था कि यह चैक अप्रतिष्ठित हो सकता है। विश्लेषण कीजिए –

Marks

(i) परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के प्रावधानों के अनुसार क्या आलोक द्वारा अपने बचाव में दिया गया तर्क वैध था?

(ii) परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के प्रावधानों के अनुसार क्या मनीष चैक के अप्रतिष्ठित होने पर आलोक के विरुद्ध वाद प्रस्तुत कर सकता है और चैक के अप्रतिष्ठित होने के कितने दिन बाद वह शिकायत दायर कर सकता है? 7

(b) कुछ अनुबन्ध जिन्हें सार्वजनिक नीति का मुखालिफ माना जाता है। भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के संदर्भित प्रावधानों के अनुसार कोई छः ऐसे करारों का वर्णन कीजिए। 6

या

(b) कुछ उद्देश और प्रतिफल गैर कानुनी होते हैं। भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के संदर्भित प्रावधानों के अनुसार कोई ऐसे छः मामलों का उल्लेख कीजिए। 6

(c) (i) विशिष्ट निष्पाद के लिए वाद से आप क्या समझते हैं? कोई ऐसी दो शर्तें बताएं जिनके अनुसार अदालत द्वारा इस उपाय की अनुमति है। माल विक्रय अधिनियम 1930 के प्रावधानों के अनुसार व्याख्या कीजिए। 3

(ii) पुनः विक्रय के अधिकार से आप क्या समझते हैं? माल विक्रय अधिनियम 1930 के अनुसार कोई भी तीन शर्तों की व्याख्या कीजिए जिसके अनुसार अदेय विक्रेता को पुनः विक्रय का अधिकार हो? 4

---

## SPACE FOR ROUGH WORK

SEAL